बिहार राज्य निर्वाचन प्राधिकार

32, हार्डिंग रोड, पटना-800001

फोन- 0612-2231563, फैक्स नं॰ : 2231562, 2215089, वेबसाईट : www.bsea.bih.nic.in

पटना/ दिनांक 16/10/2017

अधिसूचना

संख्या-नि॰ प्रा॰/विधि 1-133/2017 1017 समादेश याचिका संख्या 14450/2017 संजय कुमार तिवारी -बनाम- राज्य सरकार एवं अन्य में दिनांक 13.10.2017 को माननीय उच्च न्यायालय द्वारा पारित न्यायादेश के आलोक में प्राधिकार की अधिसूचना संख्या 814 दिनांक 03.09.2017 के अनुलग्नक-1 के कम संख्या 247 पर भोजपुर जिला के समक्ष अंकित चरपोखरी व्यापार मंडल सहयोग समिति लि0 का दिनांक 17.10.2017 को होने वाले मतदान/मतगणना को स्थगित किया जाता है।

उक्त समिति के प्रारूप मतदाता सूची के विरूद्ध दिनांक 08.08.2017 तक प्राप्त आपतियों का नियमानुकूल एवं प्राधिकार के निदेशो के आलोक में सभी मामलों में अलग-अलग कारण सहित निर्णय लेकर प्रखंड विकास पदाधिकारी -सह- निर्वाचन पदाधिकारी, चरपोखरी द्वारा निष्पादित किया जायेगा एवं तदनुसार दिनांक 30.10.2017 को अंतिम मतदाता सूची का प्रकाशन किया जायेगा।

उक्त समिति के प्रबंधकारिणी समिति के निर्वाचन हेतु निम्न प्रकार निर्वाचन कार्यक्रम नियत किया जाता है:-

(i)	नामांकन की तिथि एवं समय	01.11.2017 (बुधवार) 11 बजे पूर्वाह्न से 3 बजे अपराह्न तक
(ii)	संवीक्षा की तिथि एवं समय	02.11.2017 (गुरूवार) 11 बजे पूर्वाह्न से 3 बजे अपराह्न तक
(iii)	अभ्यर्थिता वापसी की तिथि एवं समय	03.11.2017 (शुक्रवार) 11 बजे पूर्वाह्न से 3 बजे अपराह्न तक
(iv)	मतदान, अगर आवश्यक हो	13.11.2017 (सोमवार) 7 बजे पूर्वाह्न से 3 बजे अपराह्न तक
(v)	मतगणना	13.11.2017 (सोमवार) (मतदान के तुरंत पश्चात्)

(फूल सिंह)
मुख्य चुनाव पदाधिकारी

ज्ञापांक : 1017 पटना/ दिनांक 16/10/2017

प्रतिलिपि : ई-गजट शाखा, वित्त विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित। उनसे अनुरोध है कि प्रकाशित अधिसूचना की 50 प्रतियाँ प्राधिकार को उपलब्ध कराने की कृपा की जाय।

16/10

मुख्य चुनाव पदाधिकारी

Noti for Stay Charpokhari_ Vyapar Mandal_2017

ज्ञापांक : 1017 पटना/ दिनांक 16/10/2017

प्रतिलिपि: संबंधित प्रमंडलीय आयुक्त/ संबंधित जिला पदाधिकारी -सह- जिला निर्वाचन पदाधिकारी (स० स०)/ संबंधित उप विकास आयुक्त -सह- नोडल पदाधिकारी/ संबंधित पुलिस अधीक्षक/ संबंधित जिला सहकारिता पदाधिकारी/ संबंधित प्रखंड विकास पदाधिकारी -सह- निर्वाचन पदाधिकारी (स० स०) को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

मुख्य चुनाव पदाधिकारी

ज्ञापांक : 1017 पटना/ दिनांक 16/10/2017

प्रतिलिपि: प्रधान सचिव, गृह विभाग, बिहार, पटना/ पुलिस महानिदेशक, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित। उनसे अनुरोध है कि विधि-व्यवस्था बनाये रखने हेतु अपने स्तर से कृपया निदेश निर्गत करना चाहेंगे।

मुख्य चुनाव पदाधिकारी

ज्ञापांक : 1017 पटना/ दिनांक 16/10/2017

प्रतिलिपि: प्रधान सचिव, सामान्य प्रशासन विभाग, बिहार, पटना/ प्रधान सचिव, सहकारिता विभाग, बिहार, पटना/ निबंधक, सहयोग समितियाँ, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

मुख्य चुनाव पदाधिकारी

ज्ञापांक : 1017 पटना/ दिनांक 16/10/2017

प्रतिलिपि: मुख्य चुनाव पदाधिकारी, बिहार राज्य निर्वाचन प्राधिकार, पटना के कोषांग/ उप सचिव/ अवर सचिव/ सभी प्रशाखा पदाधिकारी/ सांख्यिकी पर्यवेक्षक, बिहार राज्य निर्वाचन प्राधिकार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

मुख्य चुनाव पदाधिकारी